आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

केंद्रीय दल

प्रदेश में बढ़ती बादल फटने की घटनाओं का अध्ययन करने के लिए केंद्रीय टीम कल शिमला पहुंची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों के बाद गठित की गई यह टीम 26 जुलाई तक प्रदेश के दौरे पर रहेगी।

**हिमाचल प्रदेश में पिछले 3 सालों से बढ़ रही बादल फटने की घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों के बाद गठित उच्च स्तरीय टीम आज शिमला में आज आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी लेंगे। इसके बाद टीम 25 और 26 जुलाई को आपदा प्रभावित इलाकों का भी दौरा करेगी। एक सप्ताह के अंदर यह टीम अपनी रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपेंगी। जिसके बाद रिपोर्ट का अध्ययन कर भविष्य के हिसाब से काम किए जाएंगे। अधिकारी टीम के सामने प्रेजेंटेशन देंगे। जिसमें बताया जाएगा कि किस तरह हिमाचल में बादल फट रहे हैं। कहां.कहां पर बादलों के फटने से तबाही हुई है। आपदा में किस तरह का नुकसान हुआ है।**

अमित शाह

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति–2025 की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। यह नीति एक प्रमुख सुधार पहल है जिससे अगले दो दशक 2025 से 2047 तक भारत का सहकारिता आंदोलन निर्देशित होगा। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार नई नीति का उद्देश्यप सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण और इसे सहकार से समृद्धि लक्ष्य के अनुरूप बनाना है।

बैठक स्थगित

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक स्थगित हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से कल इस संबंध में पत्र जारी किया गया। मंत्रिमंडल की बैठक की नई तिथी अभी घोषित नहीं की गई है।

पर्यटन वीज़ा

भारत पांच वर्ष के अंतराल के बाद आज से चीनी नागरिकों को फिर पर्यटन वीज़ा जारी करेगा। पेचिंग में भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीनी नागरिक भारत के लिए पर्यटन वीज़ा के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पेचिंग, शंघाई और ग्वांगझाउ में भारतीय वीज़ा आवेदन केन्द्रों में व्यक्तिगत रूप से पासपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे।

ट्रेनी योजना

प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं ने राज्य सरकार की जॉब ट्रेनी योजना का पुरज़ोर विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अनुबंध आधार पर नौकरियां खत्म कर ट्रेनी के तौर पर नई भर्तियां करने का फैसला लिया है और 2 साल बाद फिर से परीक्षा ली जाएगी। बेरोज़गारों ने सरकार की इस योजना को युवाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की हैं

*एक तो आप पहले ही पिछले तीन साल से कोई रोजगार सरकारी क्षेत्र में उस तरह से युवाओं को नहीं दे पाए हैं, और उसके बाद कांट्रैक्ट पॉलिसी को खत्म करके आप जो है ट्रेनी पीरियड के आधार पर जो है लोगों को रखेंगे और दो साल के बाद आप द्वारा उसको परखेंगे। उसकी आप परीक्षा द्वारा लेंगे यानी आप जो है उसका एग्जामिनेशन टेस्ट लेंगे हम किसी भी हालात में इस पॉलिसी को नहीं मानने वाले हैं ये सरेआम हिमाचल प्रदेश के यूथ से खिलवाड़ है सरकार जब तक इस पॉलिसी को रोल बैक नहीं करती हम जो है आने वाले टाइम में सड़कों में एजुकेशन प्लान के ऊपर जाएंगे। बेरोजगारों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है इसमें सरकार नौकरियां देना ही नहीं चाहती। जो भी सरकार नौकरियां दे रही है वो जो कुछ दे रही है वो आउटसोर्स के माध्यम से दे रही है और इसमें भी हम लोगों का शोषण किया जा रहा है।*

प्रसार भारती

प्रसार भारती ने देशभर के सभी समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों को अपने न्यूजवायर प्लेटफॉर्म, प्रसार भारती शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट और डिसेमिनेशन पीबी–शब्द पर पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया है। इससे उन्हें उच्च–गुणवत्ता वाली समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी।

मौसम

प्रदेश में मानसून की रफतार धीमी पड़ गई है और अधिकांश क्षेत्रों में आज धूप खिली हुई है। मौसम साफ होने से लोगों ने राहत की सांस ली है और प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाई जाएगी। राज्य में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 44 सड़कें अवरूद्ध है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने जबकि 27 जुलाई से मॉनसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है।

——————————————————